## प्रेस नोट दिनांक 20.07.2026

### थाना सांगीपुर, जनपद प्रतापगढ़ |

प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी-
थाना सांगीपुर पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के अभियोग से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।
अभियुक्तों को थाना सांगीपुर क्षेत्रान्तर्गत देउम चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है।

घटना का संक्षिप्त विवरण
थाना सांगीपुर क्षेत्रान्तर्गत दुकान पर ग्राहक बुलाने की बात को लेकर हुए विवाद में वादी पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने एवं जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना सांगीपुर पर मु0अ0सं0 157/2026 धारा 131/115 (2)/351 (3)/109(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री बृजनन्दन राय व क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री राजीव द्विवेदी के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी सांगीपुर श्री गौरव त्रिवेदी के नेतृत्व में उ0नि0 अतुल तिवारी मय हस्बुल तलब हमराह का नरेश कुमार व रि0का0 कुरनाल द्वारा वांछित अभियुक्तों की तलाश में क्षेत्र में भ्रमणशील थे। मुखबिर की सूचना पर देउम चौराहे के पास से 01 वांछित अभियुक्त 1.नीरज साहू पुत्र घनश्याम साहू उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम देउम पूरब थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
नीरज साहू पुत्र घनश्याम साहू उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम देउम पूरब थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ ।

पुलिस टीम का विवरण-
उ0नि0 अतुल तिवारी मय हस्बुल तलब हमराह का नरेश कुमार व रि0का0 कुरनाल थाना सांगीपुर, जनपद प्रतापगढ़।

### थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ़

☞ थाना कोतवाली नगर पुलिस की कार्यवाही : दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के मुकदमे में वांछित 02 अभियुक्त/अभियुक्ता गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत धारा 137(2)/87/142 बीएनएस में वांछित 01 अभियुक्त एवं 01 अभियुक्ता को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री आलोक कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री आशुतोष मिश्रा के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में उ0नि0 अंकित तिवारी मय हमराह का0 विकास यादव, का0 प्रशांत यादव एवं महिला आरक्षी आरती राजभर द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के गोड़े स्थित अभियुक्तों के घर पर दबिश देकर मुकदमा उपरोक्त में वांछित 02 अभियुक्त/अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त/अभियुक्ता का विवरण-
1-अब्दुल जब्बार पुत्र मोसिम अली, उम्र लगभग 53 वर्ष, निवासी ग्राम गोड़े, थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ़।
2-आमीना बानो पत्नी स्व0 मो0 इशरार, उम्र लगभग 40 वर्ष, निवासी ग्राम गोड़े, थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस टीम-
उ0नि0 अंकित तिवारी, का0 विकास यादव, का0 प्रशांत यादव, म0का0 आरती राजभर थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ़।

**थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ़**

थाना दिलीपपुर पुलिस की कार्यवाही : सोशल मीडिया में वायरल प्रकरण में एक और वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री आलोक कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री प्रदीप सिंह के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी दिलीपपुर श्री बलराम सिंह के नेतृत्व में थाना दिलीपपुर उ0नि0 रमिल कुमार, का0 निर्दोष कुमार एवं रि0का0 शिवम सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित अभियुक्त, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अन्तर्गत धारा 74/79/115(2)/3(5)/76 बीएनएस से संबंधित 01 अभियुक्त वाहिद उर्फ पतलू पुत्र हसन निवासी ग्राम घोर का मुफरीद मजरा नजियापुर, थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ़ को गोपालपुर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

उक्त प्रकरण में इससे पूर्व 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जा चुका है। शेष वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त-
1. वाहिद उर्फ पतलू पुत्र हसन, निवासी ग्राम घोर का मुफरीद मजरा नजियापुर, थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ़ उम्र लगभग 20 वर्ष।

पुलिस टीम-
उ0नि0 रमिल कुमार, का0 निर्दोष कुमार एवं रि0का0 शिवम सिंह, थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ़।

**थाना कुण्डा, जनपद प्रतापगढ़।**

थाना कुण्डा पुलिस द्वारा दुकान से चोरी करने वाला 01 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी की मिक्सी व सीलिंग फैन बरामद-

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ के निर्देशन में थाना कुण्डा पुलिस की सफल कार्यवाही : दुकान में चोरी करने वाला 01 शातिर अभियुक्त मिथलेश उर्फ कल्लू गिरफ्तार, चोरी की मिक्सी एवं पूर्व में चोरी किया गया सीलिंग फैन बरामद-

प्रतापगढ़।
आज दिनांक 20.07.2026 को वादी निवासी भगवन तिराहा, थाना कुंडा, जनपद प्रतापगढ़ ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनकी दुकान से मिक्सी चोरी करते समय आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। वादी के अनुसार अभियुक्त पूर्व में भी उनकी दुकान से सीलिंग फैन चोरी कर चुका है। इस संबंध में थाना कुण्डा पर मु0अ0सं0 271/26 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस बनाम 01 नामजद का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री बृजनन्दन राय एवं क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री शिव नारायन वैस के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक कुण्डा श्री मनोज कुमार पाण्डेय के निर्देशन में थाना कुण्डा के उ0नि0 चन्द्रबली सिंह मय हमराह का0 हर्षवर्धन सिंह द्वारा वादी के सहयोग से मु0अ0सं0 271/26 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस से संबंधित 01 अभियुक्त मिथलेश उर्फ कल्लू पुत्र रामआसरे निवासी मियां का पुरवा बरई, थाना कुण्डा, जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की एक अदद मिक्सी व अभियुक्त की निशानदेही पर उसके घर से पूर्व में चोरी किया गया एक अदद सीलिंग फैन भी बरामद किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
1. मिथलेश उर्फ कल्लू पुत्र रामआसरे, निवासी मियां का पुरवा बरई, थाना कुण्डा, जनपद प्रतापगढ़, उम्र लगभग 32 वर्ष।

बरामदगी-
चोरी की 01 अदद मिक्सी।
चोरी का 01 अदद सीलिंग फैन।

पुलिस टीम-
उ0नि0 चन्द्रबली सिंह, का0 हर्षवर्धन सिंह, थाना कुण्डा, जनपद प्रतापगढ़।